# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज संताल परगना के भोगनाडीह में दो सौ सैंतालीस करोड़ चौरासी लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का किया उद्‌घाटन और शिलान्यास।**
2. **जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने दिया सीआईडी से जांच कराने का आदेश, इधर जेएसएससी सचिव ने कहा परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई ।**
3. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बताया दयनीय। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा जल्द ही 52 हजार शिक्षकों की होगी बहाली, 500 सीएम– स्कूल आफ एक्सीलेंस खुलेंगे।**
4. **मुंबई में आयोजित ऑल इंडिया डीएई स्पोर्टस एंड क्लचरल मीट में यूसीआईएल जादूगोड़ा के कर्मियों ने जीते दो गोल्ड मेडल।**

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज संताल परगना के भोगनाडीह में दो सौ सैंतालीस करोड़ चौरासी लाख रुपये की 224 विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने दो सौ सत्रह करोड़ 51 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा तीस करोड़ 32 लाख रुपये की लागत वाली योजनाओं का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री सोरेन ने परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में हो रहे महिला सशक्तिकरण के कार्यों को पूरा देश देख रहा है। इस महंगाई के दौर में झारखण्ड सरकार ने राज्य की 50 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रूपए पहुंचाया ताकि महिलाएं नया रोजगार शुरू कर पाए और उन्हें इस महंगाई से राहत मिल पाए।

***************

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीआईडी से जांच कराने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग ने इसकी पुष्टि करते हुए जांच के लिए आदेश जारी किया है। इधर, जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हर तरह की जांच के बाद वो यह कहने की स्थिति में हैं कि सीजीएल परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

***************

लोकसभा में आज भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर हुई विशेष चर्चा में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवैधानिक भावना के अनुरूप सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ काम कर रहे हैं। चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया, साथ ही उन्होंने बेरोजगारी, अग्निवीर योजना, क्रोनी पूंजीवाद और किसानों और महिलाओं के खिलाफ कथित अत्याचार के मुद्दों पर सवाल उठाये। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर शासन के दौरान लोकतंत्र को कमजोर करने और सिखों के खिलाफ हिंसा का आरोप लगाया। गौरतलब है कि विशेष चर्चा लोकसभा में अभी चल रही है।

***************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा स्थिति दयनीय है। श्री मरांडी ने कहा कि पाकुड़ में 506 छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी एकमात्र शिक्षक के भरोसे है और राज्य में शिक्षकों की बहाली रोककर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारों बच्चों के सपनों का गला घोट रहे हैं।
इससे पहले, राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती में आई अड़चनों को सुलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जल्द ही 52 हजार शिक्षकों की बहाली होगी। साथ ही राज्य में 500 सी एम स्कूल आफ एक्सीलेंस खुलेगा।

***************

राजधानी के अपर बाजार के एक स्कूल के बाहर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच–पड़ताल की। इस मामले को लेकर आईजी अखिलेश झा ने बताया कि आरोपित की पहचान कर ली गई है साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से हर सुविधा मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

***************

झारखण्ड डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर 18 दिसंबर से राज्यभर में पुलिस अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजधानी सहित अन्य जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों के जन शिकायत निवारण कैंप में महिला उत्पीड़न, ड्रग्स तस्करी सहित कई शिकायतों पर सुनवाई होगी। आम लोग मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप, ईमेल या सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं, मौके पर लोगों की शिकायतें ऑफलाइन भी जमा की जाएगी।

***************

राष्ट्रीय जल संरक्षण पुरस्कार के लिए पलामू सहित पूरे देश के स्कूलों का चयन किया जाना है।

***************

सिमडेगा ज़िले के व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ जिस में आपसी सहमति से निबटारे के लिए 20 हजार से अधिक मामले रखे गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में 9 बेंच के माध्यम से लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। मौके पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने झालसा को बेहतर कार्य के लिए पूरे देश में दूसरा स्थान मिलने पर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की ।

***************

मौसम विभाग ने झारखंड के कई जिलों में ठंड को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 15 दिसंबर तक राज्य के 10 जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है।

***************

मुंबई में 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित ऑल इंडिया डीएई स्पोर्टस एंड क्लचरल मीट में यूसीआईएल जादूगोड़ा के कर्मियों ने दो गोल्ड जीते हैं। जादूगोड़ा के कर्मी आनंद महतो ने 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में दो गोल्ड पदक जीते है।

***************

**संक्षिप्त खबरें**

- हजारीबाग जिले में सुंदर डाकघर बनाने के लिए उप डाकपाल नंदन कुमार को डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। उन्हें स्वच्छ भारत अभियान के तहत सम्मानित किया गया।
- गुमला जिले में प्रधानमंत्री जन–मन योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर पीवीटीजी समुह के गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए कुल 23 सड़कें बनाई जा रही हैं। जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि यह कनेक्टिविटी इन क्षेत्रों के विकास, में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- जमशेदपुर में कलाकार दीपिका बनर्जी ने युवातार फिल्म नामक स्टूडियो का उद्घाटन किया। गोलमुरी स्थित गाढ़ाबासा में स्थित स्टूडियो के संस्थापक अमित ने बताया कि इस स्टूडियो से युवाओं को रोजगार मिलेगा, साथ ही स्थानीय कलाकारों को मौका मिलेगा।
- खूंटी ज़िले में झारखंड खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। बिरसा कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा।

*******समाप्त*******